Title: Need to provide financial assistance to Government of Madhya Pradesh for construction of canal under Ban Sagar Dam Project.

श्री सुन्दर लाल तिवारी (रीवा) : सभापति जी, रीवा संभाग में बांणसागर बांध परियोजना लगभग पूर्ण हो चुकी है और इससे बिजली का उत्पादन भी प्रारंभ हो गया है किन्तु इससे निकलने वाली नहरों क्योटी, पूर्वा और सिहावल का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। जिसके कारण रीवा, सीधी, सतना और शहडोल जिलों के किसान सिंचाई सुविधा से वंचित है। इन नहरों का निर्माण राज्य सरकार की सामर्थ्य के बाहर है। इसीलिए मध्य प्रदेश सरकार इन नहरों के निर्माण के लिए पर्याप्त केन्द्रीय सहायता की लगातार मांग करती रही है। केन्द्र सरकार द्वारा आज तक मध्य प्रदेश सरकार को इन नहरों के निर्माण के लिए अपेक्षित धनराशि उपलब्ध नहीं कराई गई है, जिसके कारण किसानों को सिंचाई का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है और निर्माण लागत भी बढ़ती जा रही है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि बांणसागर की नहरों के निर्माण के लिए तत्काल आवश्यक धनराशि आवंटित करे।